# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2594**
**दिनांक- 29.10.2025**

## जोन- उत्तरी/अलीगंज

- **थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 24.05.2025 को वादिनी की तहरीरी सूचना पर बनाम जीतू रावत के विरुद्ध बावत वादिनी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 123/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस विरूद्ध 1.जीतू रावत उर्फ शिवांश रावत पंजीकृत किया गया।

अभियोग पंजीकृत होने के बाद से ही अभियुक्त जीतू रावत उर्फ शिवांश रावत फरार चल रहा था। श्रीमान प्रभारी निरीक्षक अलीगंज के नेतृत्व मे वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं पीड़िता की बरामदगी के अभियान के दौरान थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को दिनांक 29.05.2025 को सकुशल बरामदगी की गयी एवं फरार चल रहे जीतू रावत उर्फ शिवांश रावत पुत्र श्री राकेश रावत निवासी 535क/165 सेक्टर सी अलीगंज लखनऊ उम्र 20 वर्ष को भिटौली खुर्द थाना मड़ियांव से दिनांक 28.10.2025 को गिरफ्तार किया गया है।

मुकदमा उपरोक्त मे धारा 65 बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है, अभियुक्त जीतू रावत उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-अपराध का उद्देश्य-**

नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाना एवं दुष्कर्म करना ।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.जीतू रावत उर्फ शिवांश रावत पुत्र श्री राकेश रावत निवासी 535क/165 सेक्टर सी अलीगंज जनपद लखनऊ उम्र 20 वर्ष

**04-अनावरित अभियोग-**

1.मु0अ0सं0 123/2025 धारा 137(2)/87/65 बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट थाना अलीगंज लखनऊ

**05-बरामदगी का विवरण-**

नाबालिक पीड़िता उम्र-16 वर्ष की सकुशल बरामदगी की गयी।

**06-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** –

1.व0उ0नि0 श्री विनय कुमार मिश्र

2.का0 विपिन कुमार वर्मा

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2593**
**दिनांक-29.10.2025**

## साइबर क्राइम सेल के द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से धोखाधड़ी करके ठगे गये धनराशि 1,99,500/- रूपये वापस कराये गये

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ महोदय द्वारा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपराध में संलिप्त वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी व अपराध की रोक थाम के आदेश के क्रम में , श्रीमान् संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) कमिश्नरेट लखनऊ, पुलिस उपायुक्त (अपराध), अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में व सहायक पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी साइबर क्राइम सेल के नेतृत्व में साईबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता से साइबर अपराधियो के द्वारा ठगे गये धनराशि 1,99,500/-रूपयेंको शिकायतकर्ता के खाते में पुनः वापस कराया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

शिकायतकर्ता मो. उनैस के द्वारा साइबर क्राइम सेल आकर दिनाँक 18/10/2025 को अवगत कराया कि बिना जानकारी के फ्राडस्टर ने शिकायतकर्ता के खाते से कुल 7,75,000 /- रुपये धोखाधड़ीपूर्वक निकाल लिये ।

**साइबर सेल द्वारा की गयी कार्यवाही**

शिकायतकर्ता द्वारा अपने साथ हुये साईबर फ्रॉड के सम्बन्ध में साईबर क्राइम सेल में दिनाँक 18/10/2025 को शिकायत दर्ज करायी गयी थी, जिसकी संख्या 5539/2025 है । जिस पर प्रभारी श्री प्रशान्त वर्मा के आदेश के क्रम में हे0 का0 शिववीर सिंह के द्वारा प्रार्थनापत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक/ कम्पनियो से इलैक्ट्रानिक पत्राचार कर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करते हुये धनराशि 1,99,500/- रूपये पीडित के खाते में वापस कराये गये। साइबर क्राइम सेल के द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही के कारण शिकायतकर्ता अपने रुपये वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्न है, तथा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद प्रकट किया गया।

**धनवापस कराने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 श्री प्रशान्त वर्मा, प्रभारी साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
2. उ0नि0 श्री अरविन्द यादव, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
3. उ0नि0 श्री आदेश बलियान, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
4. हे0 का0 शिववीर सिंह, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
5. हे0 का0 शमशाद अली, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
6. हे0 का0 गौरव शुक्ला, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
7. हे0 का0 धीरेन्द्र सिह, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।

**अपील- किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा कस्टमर सपोर्ट अधिकारीबताकर ओटीपी / यूपीआई पिन / सीवीवीआदि पूछे जाने पर कदापि ना बताये**

**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस नोट सं0-2593**

**दिनांक-29.10.2025**

## साइबर क्राइम सेल के द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से धोखाधड़ी करके ठगे गये धनराशि 1,99,500/- रूपये वापस कराये गये

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ महोदय द्वारा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपराध में संलिप्त वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी व अपराध की रोक थाम के आदेश के क्रम में , श्रीमान् संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) कमिश्नरेट लखनऊ, पुलिस उपायुक्त (अपराध), अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में व सहायक पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी साइबर क्राइम सेल के नेतृत्व में साईबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता से साइबर अपराधियो के द्वारा ठगे गये धनराशि 1,99,500/-रूपयेंको शिकायतकर्ता के खाते में पुनः वापस कराया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

शिकायतकर्ता मो. उनैस के द्वारा साइबर क्राइम सेल आकर दिनाँक 18/10/2025 को अवगत कराया कि बिना जानकारी के फ्राडस्टर ने शिकायतकर्ता के खाते से कुल 7,75,000 /- रुपये धोखाधड़ीपूर्वक निकाल लिये ।

**साइबर सेल द्वारा की गयी कार्यवाही**

शिकायतकर्ता द्वारा अपने साथ हुये साईबर फ्रॉड के सम्बन्ध में साईबर क्राइम सेल में दिनाँक 18/10/2025 को शिकायत दर्ज करायी गयी थी, जिसकी संख्या 5539/2025 है । जिस पर प्रभारी श्री प्रशान्त वर्मा के आदेश के क्रम में हे0 का0 शिववीर सिंह के द्वारा प्रार्थनापत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक/ कम्पनियो से इलैक्ट्रानिक पत्राचार कर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करते हुये धनराशि 1,99,500/- रूपये पीडित के खाते में वापस कराये गये। साइबर क्राइम सेल के द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही के कारण शिकायतकर्ता अपने रुपये वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्न है, तथा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद प्रकट किया गया।

**धनवापस कराने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 श्री प्रशान्त वर्मा, प्रभारी साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
2. उ0नि0 श्री अरविन्द यादव, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
3. उ0नि0 श्री आदेश बलियान, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
4. हे0 का0 शिववीर सिंह, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
5. हे0 का0 शमशाद अली, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
6. हे0 का0 गौरव शुक्ला, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।
7. हे0 का0 धीरेन्द्र सिह, साइबर क्राइम सेल पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ।

**अपील- किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा कस्टमर सपोर्ट अधिकारीबताकर ओटीपी / यूपीआई पिन / सीवीवीआदि पूछे जाने पर कदापि ना बताये**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2591**
**दिनांक-29.10.2025**

**जोन- पूर्वी/ थाना- गोमतीनगर**

- **थाना गोमतीनगर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर शातिर चोर/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 04 अदद बैट्री बरामद।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 09.08.2025 को वादी आवेदिका नीलू सिंह पत्नी अभिषेक सिंह निवासी – 606ए ब्लॉक केनरा बैंक अवध अपार्टमेन्ट विपुलखण्ड गोमतीनगर लखनऊ के प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 0359/2025 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस थाना गोमतीनगर लखनऊ बावत प्रतिवादी द्वारा एटीएम का कबर्ड तोड़कर बैटरी चोरी करने विषयक, बनाम अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत होकर विवेचना म0उ0नि0 राखी सिंह द्वारा की जा रही है।

**02- कार्यवाही का विवरण-**

दिनांक 29.10.2025 को थाना गोमतीनगर पुलिस टीम के म0उ0नि0 राखी सिंह मय उ0नि0 अशोक कुमार,उ0नि0 सागर कुमार व का0 पवन कुमार मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 02 नफर अभियुक्तगण 01. मुकेश कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामचन्द्र निवासी बहनन पुरवा (लोहिया होस्पिटल के सामने) थाना विभूतिखण्ड जनपद लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष 02. मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद इदरीश निवासी लालपुर करौता थाना मोहम्मपुर खाला जनपद बाराबंकी हाल पता देवा रोड़ मटियारी थाना चिनहट जनपद लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को दयाल चौराहा से जनेश्वर वाली रोड पर थाना गोमतीनगर से गिरफ्तार किया गया।

जिनके कब्जे से 04 अदद बैट्री बरामद किया गया जिसमें से 01 अदद बैट्री रंग काला व सफेद एमेरॉंन कम्पनी की जिसका थाना हाजा पर मु0अ0सं0 0359/2025 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस थाना गोमतीनगर लखनऊ से सम्बंधित है जो अभियुक्तों द्वारा दिनांक 09.08.2025 को विशाल खण्ड गोमतीनगर लखनऊ मे कैनरा बैंक के एटीएम से अलमारी का कबर्ड तोडकर 01 बैट्री चोरी की थी तथा अन्य बैटरी के बारे में जानकारी की गयी तो 03 बैट्रियां इन्दिरानगर कलेवा चौराहा के पास यूनियन बैंक से चुरायी थी उक्त बैट्री चोरी के सम्बन्ध मे थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ मे मु0अ0सं0 370/2025 धारा 331(3)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत है जिसकी कार्यावाही हेतु थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ पुलिस को सूचित कर बरामद किया गया।

बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्तगण के विरुध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**03-बरामदगी**:

- 01 अदद बैट्री रंग काला व सफेद एमेरॉंन कम्पनी
- 01 अदद बैट्री इक्साईड पावर सेफ रंग काला
- 01 अदद बैट्री काली व सफेद इक्साईड
- 01 अदद बैट्री इक्साईड ईईजेडवाई रंग लाल

**04-गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. मुकेश कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामचन्द्र निवासी बहनन पुरवा (लोहिया होस्पिटल के सामने) थाना विभूतिखण्ड लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष ।

2. मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद इदरीश निवासी लालपुर करौता थाना मोहम्मपुर खाला जनपद बाराबंकी हाल पता देवा रोड़ मटियारी थाना चिनहट लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष।

**05-पंजीकृत/अनावरित अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 0359/2025 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस थाना गोमतीनगर लखनऊ
2. मु0अ0सं0370/2025 धारा 331(3)/305(ए) बीएनएस थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ

**नोट—अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थानों/इकाईयों/जनपदों से जानकारी की जा रही है ।**

**06-गिरफ्तारी करने वाली थाना गोमतीनगर पुलिस टीम-**

1. म0उ0नि0 राखी सिंह थाना गोमतींनगर लखनऊ
2. उ0नि0 अशोक कुमार थाना गोमतींनगर लखनऊ
3. उ0नि0 सागर कुमार थाना गोमतींनगर लखनऊ
4. का0 पवन कुमार थाना गोमतींनगर लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

## मिशन शक्ति 5.0: नई राह, नया विश्वास के तहत श्रृंगार नगर स्थित गर्ल्स इंटर कालेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित"।

**थाना मानकनगर पुलिस टीम द्वारा श्रृंगार नगर स्थित गर्ल्स इंटर कालेज पर "मिशन शक्ति विशेष जागरूकता कार्यक्रम" का किया गया आयोजन किया गया। छात्राओं को उनकी सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं के बारे में जागरूक कर उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, साईबर जागरूकता आदि के सम्बन्ध में किया जागरूक ।**

**दिनांक- 29.10.2025**

**श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ, श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के कुशल निर्देशन एवं **पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ** के मार्गदर्शन में *महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण* के उद्देश्य से "**मिशन शक्ति 5.0**" अभियान के अंतर्गत जनपद लखनऊ में निरंतर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

श्रीमान पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार, लखनऊ जनपद के **सभी 54 थानों** में **मिशन शक्ति केंद्र** की स्थापना की जा चुकी है। इन केंद्रों पर महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु एक सुव्यवस्थित टीम (जिसमें 01 निरीक्षक, 01 अतिरिक्त निरीक्षक, 01 उपनिरीक्षक, और 01 महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं) की नियुक्ति की गई है।

इसी क्रम में, **थाना मानकनगर पुलिस टीम** द्वारा आज **श्रृंगार नगर में गर्ल्स इंटर कालेज** पर "**मिशन शक्ति विशेष जागरूकता कार्यक्रम**" आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा सरकारी सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

**स्थानः** श्रृंगार नगर स्थित गर्ल्स इंटर कॉलेज ,मानकनगर, लखनऊ

**प्रतिभाग-**

- महिला उपनिरीक्षक **सुश्री पूजी पाल**, *मिशन शक्ति प्रभारी*, थाना मानकनगर
- उपनिरीक्षक **श्री अंकित कुमार**, थाना मानकनगर
- महिला हे0का0 **श्रीमती गोमती देवी**, थाना मानकनगर

**प्रतिभागीः**

- श्रृंगार नगर स्थित गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 को थाना मानकनगर की पुलिस टीम ने श्रृंगार नगर स्थित गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के अंतर्गत 'मिशन शक्ति 5.0' और 'एंटी-रोमियो' अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) जैसी सभी जरूरी हेल्पलाइन नंबरों और यूपी-100 (यूपी कोप) जैसी सेवाओं से अवगत कराया गया। इसके अलावा, महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई, ताकि छात्र-छात्राएं आपात स्थिति में त्वरित मदद ले सकें और स्वावलंबी बन सकें।

यह कार्यक्रम श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ, श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन एवं पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण:

1. **जन-जागरूकता:** श्रृंगार नगर मेट्रो स्टेशन पर उपस्थित महिला यात्रियों और बच्चों को "मिशन शक्ति 5.0" अभियान और "एंटी रोमियो" स्क्वॉड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
2. **सुरक्षा एवं स्वावलंबन:** प्रतिभागियों को महिलाओं की सुरक्षा, नारी स्वावलंबन और आत्मरक्षा के उपायों पर जागरूक किया गया।
3. **साइबर जागरूकता:** बढ़ते हुए साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और इनसे बचाव के तरीकों पर विशेष बल दिया गया।
4. **हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:** महिलाओं को संकट के समय सहायता प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 1098, 1076, 101, 102, 108, 112, 1930) तथा **यूपी कॉप (UP Cop)** ऐप के उपयोग की विधि समझाई गई। साथ ही, महिलाओं के लिए समर्पित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। यूपी काप आदि के साथ महिलाओ के लिए समर्पित सरकारी योजनाओ के बारे में जागरूक किया गया

## निष्कर्ष एवं महत्व:

इस जागरूकता कार्यक्रम ने "मिशन शक्ति 5.0" के संदेश को शहरी परिवहन के महत्वपूर्ण केंद्र, मेट्रो स्टेशन, तक पहुँचाने में सफलता हासिल की है, जिससे महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना को बल मिला है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

**मिशन शक्ति 5.0: आइए मिलकर हाथ बढ़ाएँ, मिशन शक्ति को सफल बनाएँ।**

**थाना बीकेटी द्वारा बडी बाजार में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित, महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, और सरकारी योजनाओं के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों और महिला हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी।**

**दिनांक- 29.10.2025**

बडी बाजार, बीकेटी में मिशन शक्ति टीम द्ववारा गृहणियों और किशोरियों के लिए एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा अधिनियम, और संपत्ति में हकदारी के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इसके अलावा, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजन/आयोजक टीम -**

- महिला उप निरीक्षक अनु देवी, महिला थाना द्वितीय, थाना बीकेटी, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला कांस्टेबल सलमा बानो**, महिला थाना द्वितीय, थाना बीकेटी, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला कांस्टेबल सरिता पटेल**, महिला थाना द्वितीय, थाना बीकेटी, लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना बीकेटी द्वारा आयोजित इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रान्तर्गत बडी बाजार में ।

**प्रतिभागी: -**

थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत बडी बाजार में **आई महिला व बच्चे**।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

उत्तर प्रदेश पुलिस की महत्वपूर्ण पहल **"मिशन शक्ति 5.0"** के अंतर्गत, महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लखनऊ कमिश्नरेट में जागरूकता कार्यक्रमों की शृंखला जारी है।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.10.2025 को बीकेटी थाना क्षेत्र में बडी बाजार में **आई करीब 20- 30** महिलाओं व बच्चो को मिशन शक्ति अभियान के तहत बताया गया कि कि कौन कौन-से आचरण और व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा साइबर जागरूकता अभियान के महिलाओं को मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 112, 181, 1930 ,102,108 तथा थाना स्थानीय पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र महिला हेल्प डेस्क, बाल विवाह निषेध एवं वर्तमान में हो रहे महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे में जागरूक किया गया और साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया गया, डिजिटल अरेस्टिंग की भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया, ओटीपी न बताने और ऑनलाइन पेमेंट से बचने की हिदायत भी दी है , महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी एवं महिलाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान **महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं आत्मरक्षा** से संबंधित विषयों की जानकारी के दौरान टीम द्वारा बच्चो को **"गुड टच" और "बैड टच"** की पहचान के बारे में सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति 5.0 का प्राथमिक उद्देश्य

**महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करते हुए, एक समग्र और सशक्तिकरण-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है।**

## विस्तृत विवरण:

मिशन शक्ति 5.0 का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में सशक्त बनाना है। यह निम्नलिखित बुनियादी स्तंभों पर केंद्रित है:

1. **सुरक्षा और सहायता:**
   - महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा को रोकना और कम करना।
   - उन्हें हिंसा और भेदभाव से बचाने के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण तैयार करना।
   - प्रभावित महिलाओं को त्वरित न्याय, कानूनी सहायता और पुनर्वास सुविधाएं प्रदान करना।
2. **आर्थिक सशक्तिकरण:**
   - महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता (Entrepreneurship) और रोजगार के अवसर प्रदान करना।
   - उन्हें वित्तीय साक्षरता और बाजार से जोड़ने में मदद करना।

## सामाजिक सशक्तिकरण:

- समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक पहुंच सुनिश्चित करना।
- उन्हें सामाजिक, राजनीतिक और सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदार बनाना।

इस मिशन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इसकी जानकारी समाज के अंतिम छोर तक, हर गली-मोहल्ले और गाँव तक पहुँचे। आइए, हम सभी इसके दूत बनें और इसके बारे में जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दें, ताकि कोई भी पीड़ित महिला अज्ञानतावश या सहायता के अभाव में न रह जाए।

एक सुरक्षित, स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन हर महिला का मौलिक अधिकार है, और "मिशन शक्ति" निश्चित रूप से इस अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत स्तंभ का कार्य कर रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**दिनांक- 29.10.2025**

**मिशन शक्ति 5.0 की पाठशाला**
**आइए मिलकर हाथ बढ़ाएँ, मिशन शक्ति को सफल बनाएँ।**

***थाना रहीमाबाद द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंवर आसिफ अली इंटर कालेज की छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल एवं महिला शक्ति केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी देकर छात्राओं को कानूनी अधिकारों और साइबर सुरक्षा से किया गया रूबरू।***

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, **श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

**आयोजक/आयोजन स्थल**

- कुंवर आसिफ अली इंटर कालेज रहीमाबाद लखनऊ।

**प्रतिभाग-**

- उप निरीक्षक श्री अनिल कुमार वर्मा, थाना रहीमाबाद, कमिश्नरेट लखनऊ
- उप निरीक्षक श्री अनिरुद्ध मिश्र, थाना रहीमाबाद, कमिश्नरेट लखनऊ
- कॉन्स्टेबल रणविजय, , थाना रहीमाबाद, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला कॉन्स्टेबल प्रियंका डागर, थाना रहीमाबाद, कमिश्नरेट लखनऊ

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

थाना रहीमाबाद की मिशन शक्ति टीम द्वारा कुंवर आसिफ अली इंटर कालेज रहीमाबाद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत कए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद **करीब 50 से 60 छात्राओं** को सरकार की महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी महत्वाकांक्षी योजनाओं और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 29.10.2025**

**मिशन शक्ति 5.0- हर बच्चे का हो सुरक्षित कल, मिशन शक्ति है इसका हल।**

**थाना इन्दिरानगर की पिंक बूथ 68 की टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर स्कूली बच्चों को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी, पुलिस ने बच्चों में बांटा आत्मविश्वास।**

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना इन्दिरानगर की विशेष पिंक बूथ 68 की टीम ने हाल ही में अपने क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर एक गहन जागरूकता अभियान चलाया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में संवेदनशील और महत्वपूर्ण जानकारी देना था। यह पहल मिशन शक्ति 5.0 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम ने भ्रमणशील होकर न केवल बच्चों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया, बल्कि उन्हें सरल और सहज भाषा में यह समझाया कि वे अपने शरीर की सुरक्षा कैसे करें और किसी भी असुरक्षित स्पर्श (बैड टच) की स्थिति में तुरंत किसे सूचित करें। पुलिस कर्मियों ने बच्चों को निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास की भावना बढ़ी। इस इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, पुलिस ने उन्हें 'मदद के लिए चिल्लाने', 'वहाँ से भागने' और 'माता-पिता या शिक्षक को बताने' जैसे सुरक्षा मंत्र सिखाए। पिंक बूथ टीम का यह प्रयास यह सुनिश्चित करता है कि क्षेत्र के बच्चे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक हों और किसी भी अनहोनी की स्थिति में पुलिस पर पूरा भरोसा कर सकें।

**आयोजक-**

- म0आ0 नम्रता सचान, पिंक बूथ 68 थाना इन्दिरानगर, लखनऊ कमिश्नरेट
- म0आ0 अंजू रानी, पिंक बूथ 68 थाना इन्दिरानगर, लखनऊ कमिश्नरेट

**प्रतिभाग-**

- म0आ0 नम्रता सचान, पिंक बूथ 68 थाना इन्दिरानगर, लखनऊ कमिश्नरेट
- म0आ0 अंजू रानी, पिंक बूथ 68 थाना इन्दिरानगर, लखनऊ कमिश्नरेट
- **क्षेत्र में करीब 20-30 स्कूली बच्चे ।**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2592**
**दिनांक-29.10.2025**

## जोन- पूर्वी/थाना-विभूतिखण्ड

- **थाना विभूतिखण्ड पुलिस टीम द्वारा ट्रस्ट के खाते से धोखाधड़ीपूर्वक धन निकासी करने वाले 01 नफर शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-सक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 11.10.2025 को वादी मुकदमा डा0 आशीष प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राजमणि सिंह निवासी- सरयू अपार्टमेन्ट सेक्टर-1 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के प्रार्थना-पत्र बावत विपक्षी द्वारा ट्रस्ट के खाते से रूपया धोखाधडी पूर्वक निकालने, ट्रान्सफर करने व अपने निजी उपयोग में व्यय करने व ट्रस्ट कार्यालय से 1 लैपटाप, 1 हार्ड डिस्क, 3 कम्प्यूटर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज/रिकार्डस अवैध रूप से हटाने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0 0373/2025 धारा 316(5)/318(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में संकलित साक्ष्य के आधार पर आज दिनांक 29.10.2025 को घटना में संलिप्त अभियुक्त पंकज कुमार सिंह को उसके अंकित पते से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड में भेजा जा रहा है।

**02-अपराध का उद्देशयः-**

अभियुक्त द्वारा ट्रस्ट के खाते से रूपया धोखाधडी पूर्वक निकालने, ट्रान्सफर करने व अपने निजी उपयोग में व्यय करने व ट्रस्ट कार्यालय से 1 लैपटाप, 1 हार्ड डिस्क, 3 कम्प्यूटर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज/रिकार्डस अवैध रूप से हटाने का अपराध कारित किया गया है।

**03-गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण—**

1. पंकज सिंह पुत्र श्री गोपाल कृष्ण सिंह निवासी विजयनगर खरगापुर थाना गोमतीनगर विस्तार जनपद लखनऊ उम्र 46 वर्ष

**04- पंजीकृत अभियोग-**

1.मु0अ0स0 0373/2025 धारा 316(5),318(4) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड लखनऊ

**नोटः- अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपद/इकाई/थाने से की जा रही है।**

**05-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना विभूतिखण्ड-**

1. उ0नि0 श्री प्रमोद चौधरी
2. उ0नि0 श्री अमरीश कुमार
3. म0कां0 प्रिया भारती